# कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, मुजफ्फरनगर।

**जनपद मुजफ्फरनगर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा हेतु अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनॉक 03.04.2024 को सम्पन्न समीक्षा बैठक का कार्यवृतः-**

बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों एवं फर्म के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गयाः-

1. श्री संदीप भागिया, मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, मुजफ्फरनगर।
2. श्री संजय कुमार, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), मुजफ्फरनगर।
3. श्री अंकित कुमार, सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), मुजफ्फरनगर।
4. श्री मनेन्द्र कुमार, डिस्ट्रीक्ट कॉर्डिनेटर, डी0पी0एम0यू0, मुजफ्फरनगर।
5. श्री यगन कुमार, डी0पी0एम0, टी0पी0आई0, मुजफ्फरनगर।
6. श्री मांगेराम प्रतिनिधि, मै0 गायत्री-रेमकी(जे0वी0)।
7. श्री विपिन वर्मा, प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 जे0एम0सी0-एल0सी0एस0पी0एल(जे0वी0)।
8. श्री राजेश कुमार पाण्डेय प्रतिनिधि, मै0 एन0के0जी0-प्राइमस(जे0वी0)।

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कार्यो पर प्रगति की समीक्षा हेतु अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनॉक 03.04.2024 को विकास भवन कार्यालय कक्ष में विभागीय अधिकारियो, सम्बन्धित फर्मो, डी0पी0एम0यू0 एवं टी0पी0आई0 के साथ बैठक सम्पन्न की गई, जिसमें उनके द्वारा निम्नानुसार निर्देश दिये गयेः-

1- **मै0 जे0एम0सी0-एल0सी0इ0एस0पी0एल0(जे0वी0), मुम्बई** की स्वीकृत 215 नग डी0पी0आर0 के सापेक्ष इनके द्वारा 204 नग योजनाओ पर कार्य प्रारम्भ कराया गया है, जिसमें से वर्तमान तक 201 ट्यूबवैल बोरिंग का कार्य पूर्ण हो गया है। 186 योजनाओ में 1165.48 कि0मी0 वितरण प्रणाली बिछाई गई है एवं 109633 एफ0एच0टी0सी0 प्रदान किये गये है। 166 नग योजनाओ पर पम्प हाउस का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि जिन योजनाओ टयूबवैल का कार्य पूर्ण हो गया है, उन योजनाओ पर पम्प हाउस का कार्य अप्रैल 2024 में पूर्ण करना सुनिश्चित करे। स्वीकृत 166 नग योजनाओ के सापेक्ष सभी सोलर पैनल उपलब्ध है एवं जिनमें से 96 नग सोलर पैनल अधिष्ठापित हो गये है तथा 17 नग सोलर पैनल अधिष्ठापन का कार्य प्रगति पर है। इस सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देश दिये गये कि यथाशीघ्र अवशेष सभी योजनाओ पर सोलर पैनल अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करे। फर्म के पास 49 योजनाऐं ऐसी है, जिनका संचालन विद्युत से होना है, जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा वर्तमान तक मात्र 18 योजनाओ के विद्युत कनेक्शन ही कराये गये है। उपलब्ध 216 नग मोटर पम्प के सापेक्ष 144 नग मोटर पम्प अधिष्ठापित कर दिये गये है। इस सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देश दिये गये कि जिन योजनाओ पर टयूबवैल का कार्य पूर्ण हो गया है, उन सभी योजनाओ पर मोटर पम्प अधिष्ठापन का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करे। फर्म द्वारा 216 अवर जलाशय के सापेक्ष 187 योजनाओ पर अवर जलाशय का कार्य प्रारम्भ कराया गया है। 28 योजनाओ पर अवर जलाशय का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि अप्रैल 2024 में 29 योजनाओ पर अवर जलाशय का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। अधिशासी अभियन्ता,



Scanned with CamScanner

जल निगम(ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि सम्बन्धित फर्म द्वारा 186 ग्रामो में पाईप लाईन बिछाने का कार्य प्रारम्भ किया गया है, जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा 114 योजनाओ पर सडक पुर्नस्थापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा सम्बन्धित फर्म को निर्देशित किया गया कि पाईप लाईन बिछाने का कार्य एवं 10000 गृह संयोजन अधिष्ठापन का कार्य अप्रैल 2024 में पूर्ण कराना सुनिश्चित करे। अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित फर्म द्वारा निर्माण कार्यों में वांछित प्रगति न होने के सम्बन्ध में चेतावनी पत्र जारी करे एवं अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को भी फर्म के विरूद्ध उचित कार्यवाही करने हेतु पत्र जारी करने हेतु निर्देशित किया गया।

2- **मै0 गायत्री-रेमकी(जे0वी0), हैदराबाद** की स्वीकृत 19 नग डी0पी0आर0 के सापेक्ष इनके द्वारा 19 नग योजनाओ पर कार्य प्रारम्भ कराया गया है, जिसमें से वर्तमान तक सभी ट्यूबवैल बोरिंग का कार्य पूर्ण हो गया है। 260.25 कि0मी0 वितरण प्रणाली बिछाई गई है एवं 25550 एफ0एच0टी0सी0 प्रदान किये गये है, सभी 23 नग पम्प हाउस का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। स्वीकृत 14 नग योजनाओ के सापेक्ष सभी सोलर पैनल उपलब्ध है एवं सभी 14 नग सोलर पैनल अधिष्ठापित हो गये है। फर्म के पास 05 योजनाऐं ऐसी है, जिनका संचालन विद्युत से होना है, जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा वर्तमान सभी योजनाओ के विद्युत कनेक्शन करा लिये गये है। उपलब्ध 23 नग मोटर पम्प के सापेक्ष 23 नग मोटर पम्प अधिष्ठापित कर दिये गये है। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि सम्बन्धित फर्म द्वारा 19 ग्रामो में पाईप लाईन बिछाने का कार्य प्रारम्भ किया गया है, जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा 17 योजनाओ पर सडक पुर्नस्थापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। सम्बन्धित फर्म को अप्रैल 2024 में समस्त योजनाओ के कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।

3- **मै0 एन0के0जी0-प्राइमस(जे0वी0), नई दिल्ली** की स्वीकृत 109 नग डी0पी0आर0 के सापेक्ष इनके द्वारा 92 नग योजनाओ पर कार्य प्रारम्भ कराया गया है, जिसमें से वर्तमान तक 89 ट्यूबवैल बोरिंग का कार्य पूर्ण हो गया है। 88 योजनाओ में 715.72 कि0मी0 वितरण प्रणाली बिछाई गई है एवं 65640 एफ0एच0टी0सी0 प्रदान किये गये है। 78 नग योजनाओ पर पम्प हाउस का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि जिन योजनाओ ट्यूबवैल का कार्य पूर्ण हो गया है, उन योजनाओ पर पम्प हाउस का कार्य अप्रैल 2024 में पूर्ण करना सुनिश्चित करे। स्वीकृत 60 नग योजनाओ के सापेक्ष 48 सोलर पैनल उपलब्ध है एवं जिनमें से 18 नग सोलर पैनल अधिष्ठापित हो गये है तथा 06 नग सोलर पैनल अधिष्ठापन का कार्य प्रगति पर है। इस सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देश दिये गये कि यथाशीघ्र अवशेष सभी योजनाओ पर सोलर पैनल अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करे। फर्म के पास 49 योजनाऐं ऐसी है, जिनका संचालन विद्युत से होना है, जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा वर्तमान तक किसी भी योजना के विद्युत कनेक्शन नही कराये गये है। उपलब्ध 110 नग मोटर पम्प के सापेक्ष 64 नग मोटर पम्प अधिष्ठापित कर दिये गये है। इस सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देश दिये गये कि जिन योजनाओ पर ट्यूबवैल का कार्य पूर्ण हो गया है, उन सभी योजनाओ पर मोटर पम्प अधिष्ठापन का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करे। फर्म द्वारा 110 अवर जलाशय के सापेक्ष 68 योजनाओ पर अवर जलाशय का कार्य प्रारम्भ कराया गया है।



Scanned with CamScanner

फर्म द्वारा वर्तमान तक किसी भी योजना पर अवर जलाशय का कार्य पूर्ण नही किया गया है। फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि अप्रैल 2024 में 03 योजनाओ पर अवर जलाशय का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि सम्बन्धित फर्म द्वारा 88 ग्रामो में पाईप लाईन बिछाने का कार्य प्रारम्भ किया गया है, जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा 44 योजनाओ पर सडक पुर्नस्थापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा सम्बन्धित फर्म को निर्देशित किया गया कि पाईप लाईन बिछाने का कार्य एवं 10000 गृह संयोजन अधिष्ठापन का कार्य अप्रैल 2024 में पूर्ण कराना सुनिश्चित करे। अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित फर्म द्वारा निर्माण कार्यो में वांछित प्रगति न होने के सम्बन्ध में चेतावनी पत्र जारी करे एवं अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को भी फर्म के विरूद्ध उचित कार्यवाही करने हेतु पत्र जारी करने हेतु निर्देशित किया गया।

उक्त के अतिरिक्त अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि समस्त जूनियर इंजीनियर एवं टी0पी0आई0 द्वारा फर्मो द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यो का स्थलीय निरीक्षण निरन्तर कराना सुनिश्चित करे। जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कराये जा रहे निर्माण कार्यो में गुणवत्ता को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही अक्षम्य होगी।

(संदीप भागिया)
मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
मुजफ्फरनगर।

पृ0सं0 951 / 731 / 146 दिनॉकः- 5.4.2024

**ई-मेल द्वारा**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को उक्त विषयक सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय, मुजफ्फरनगर को सादर अवलोकनार्थ।
3. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), मुजफ्फरनगर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि फर्मो एवं सम्बन्धित अधिकारियो से सम्पर्क कर प्रगति लाना सुनिश्चित करे।
4. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, मुजफ्फरनगर।
5. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0, मुजफ्फरनगर।
6. प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 जे0एम0सी0-एल0सी0एस0पी0एल(जे0वी0)।
7. प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 गायत्री-रेमकी(जे0वी0)।
8. प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 एन0के0जी0-प्राइमस(जे0वी0)।

मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
मुजफ्फरनगर।